### बैल मालिक ने मुआवजे के लिए स्वयं लाकर दिए साक्ष्य, वन अधिनियम का पालन करने में असफल हो रहे जिम्मेदार

# जंगल में मानवीय घुसपैठ एवं रेत के वाहनों से विचलित वन्यप्राणी तेंदुआ ने किया बैल का शिकार





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर**

तामिया वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तामिया एवं कुआं बादला सर्कल में जंगलों का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। इसका मुख्य कारण जंगलों में हो रही अवैध कटाई और वन नदियों से प्रतिदिन हो रहा रेत का अवैध उत्खनन बताया जा रहा है। इन गतिविधियों से न केवल नदियों का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है, बल्कि जंगल और वन्य प्राणियों का प्राकृतिक आवास भी तेजी से नष्ट हो रहा है।

वन क्षेत्र में बढ़ती मानवीय घुसपैठ और रेत उत्खनन में लगे वाहनों के शोरगुल के कारण वन्य प्राणियों को भोजन और सुरक्षित ठिकानों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से अब वन्य प्राणी भोजन की तलाश में जंगल से सटे गांवों की ओर रुख करने लगे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि तामिया रेंज में तैनात रेंजर की कार्यप्रणाली अत्यंत लचर है। नाकेदारों पर न तो नियंत्रण है और न ही उनके कार्यों की निगरानी। अधिकांश नाके या तो खाली रहते हैं या केवल कागजों में संचालित हो रहे हैं, जिससे वन अपराधियों की गतिविधियों पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। इससे वरिष्ठ अधिकारी भी स्थिति को "सब कुशल मंगल" मानकर बेफिक्र दिखाई दे रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों में तुलतुला और लहगडुआ क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी देखी गई है। वहीं कुआं बादला सर्कल की खुट्टी में एक छात्रा ने हिंसक वन्य प्राणियों का झुंड देखा था, जिसकी सूचना देने पर उसे गणतंत्र दिवस पर तामिया रेंजर द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ।

ग्रामीणों का सवाल है कि जब सूचना समय पर दी गई थी, तो नाकेदार द्वारा उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत क्यों नहीं कराया गया? यदि मौके पर पहुंचकर जांच की जाती तो यह स्पष्ट हो सकता था कि किस प्रजाति के वन्य प्राणी ने शिकार किया है, जिससे पीड़ित पशुपालक को विभागीय मुआवजा मिल पाता। वन अधिनियम के अनुसार ऐसे संवेदनशील मामलों में रेंजर का दायित्व है कि वह मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करे और प्रकरण दर्ज करे, लेकिन घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन बैल मालिक स्वयं साक्ष्य जुटाकर वन्य प्राणी के पगचिह्न और मृत बैल की तस्वीरें रेंजर को भेज रहा है। यह स्थिति न केवल पीड़ित परिवार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि पूरे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

ग्रामीणों का कहना है कि नाकेदार से लेकर रेंजर तक की लापरवाही इस पूरे प्रकरण में साफ नजर आ रही है। अब सवाल यह है कि आखिर इस रेंज के कर्मचारियों पर वरिष्ठ अधिकारी कब तक मेहरबानी दिखाते रहेंगे और कब वन अधिनियम का सख्ती से पालन कराया जाएगा? ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले से सबक लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि जंगल, वन्य प्राणी और आम नागरिक तीनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### नाकेदार की लापरवाही आई सामने, बोला चौबीस घंटे के बाद एप नहीं करता काम

ग्राम पंचायत तामिया के चौरा पठार गांव में अब तक पांच बकरियों का शिकार हो चुका है। इसके अलावा फांसी ढाना क्षेत्र के नीचे कठुआ नाला में ग्रामीणों के अनुसार मेहतलाल भारती के बैल का तेंदुए द्वारा शिकार किया गया। बैल मालिक के परिजनों का कहना है कि उन्होंने घटना की सूचना नाकेदार को दी, लेकिन नाकेदार ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि "24 घंटे बाद ऐप काम नहीं करता।"

## शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**जुन्नारदेव।** थाना प्रांगण में गुरुवार के दिन आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया जिसमें त्यौहारों में विशेष तौर पर साफ सफाई और पानी सहित बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से रहे वही अस्थाई ठेके की वसूली जो नगर पालिका द्वारा की जा रही है 12 फरवरी से 16 फरवरी तक बाहर से आने वाली गाड़ियों को कोई शुल्क नहीं देना होगा इस बैठक के एस डी ओ पी दौरान नवागत थाना प्रभारी ,थाना स्टॉप सहित पत्रकार और समस्त गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष ने किया पंचशील कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**जुन्नारदेव:** नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य जोरो पर चल रहे हैं। इसी क्रम में पंचशील कलोनी वार्ड नंबर 10 में 250 मीटर नाली निर्माण कार्य ठाकुर के घर से सब्जी मंडी आंगनबाड़ी केंद्र तक दो हिस्सों में किया जाना है। इस निर्माण कार्य का आज नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पार्षद अरुणेश जैसवाल अमित यादव की उपस्थिति में भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड के नागरिक महिला पुरुष उपस्थित थे। ज्ञात रहे की नाली निर्माण से वार्ड के लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। वहीं दुसरी ओर आंगनबाड़ी हॉस्पिटल के सामने बरसात के पानी जमा होने से भी लोगों को राहत मिलेगी।

## पातालेश्वर मंदिर के ऐतिहासिक कुंड की सफाई



**छिंदवाड़ा :-** जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पातालेश्वर धाम में स्थित जल कुंड की बजरंग दल के सदस्यों ने भरी ठंड में पानी में उतरकर देर रात तक गहन सफाई की ! देर रात तक रूपेश लांझीवार , युवराज सूर्यवंशी, रितेश वर्मा, हिमालय दाढ़े, यश जैन, आदि ओम शुक्ला, शिवम बंदेवार, रोहित बग्गा, बंटी साहू, मोंटी, पवन कांबले, मनीष मालवी, बंटी, शेखर ने जल कुंड की सफाई में अपना श्रम दान किया !

# चौरई में पलटी स्कूल बस, एक दर्जन से ज्यादा घायल

### संचालक बोले कोई घायल नहीं, मामूली खरोचे, स्वयं बस मालिक चला रहे थे स्कूल वाहन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई**



चौरई में उस समय बड़ा हादसा हो गया जब एक स्कूल बस को कट मारते हुए कार निकली और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में बैठे स्कूल स्टाफ और कुछ बच्चे घायल हो गए। घायलों को चौरई अस्पताल ले जाया गया। परंतु अस्पताल की अव्यवस्थाओं के चलते अधिकांश मरीजों को छिंदवाड़ा रेफर किया गया है।

बस क्रमांक एमपी 04 पीए 0523 गुरैया चौरई, अमरवाड़ा मार्ग पर गुरैया के पास चारों खाने चित्त हो गई। जिसमें दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल होने की खबर है। दस से बारह लोग के हाथ पैर फेक्चर होने की खबर आ रही है। जबकि चौरई अस्पताल की बंद एक्सरा मशीन की वजह से अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही भी सामने आई है। बस में स्टाफ के अलावा कुछ बच्चे भी सवार थे। इस विषय में जब संचालक आनंद शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि कट लगने के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई है। परंतु किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। मामूली खरोचे है।

हम यहां पर संचालक आनंद शर्मा की बात को झूठा साबित करते हुए यह बताना चाहते है कि आखिरकार यह संचालक मीडिया से झूठ क्यों बोल रहे थे और वे क्या छुपाना चाहते थे। यह बात संशय पैदा करती है कि कहीं न कहीं स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का शिकार ये घायल हुए है। स्टाफ और बच्चे के घायल होने पर उनके त्वरित इलाज की ओर ध्यान देने की बजाए संचालक क्यों स्वयं को बचाने का प्रयास कर रहे है। यह सवाल के जवाब को जब हमारी टीम ढूंढ रही थी तो हमने स्वयं एम परिवहन एप से दस्तावेज निकाले जिससे यह ज्ञात हुआ कि बस साढ़े सत्रह साल पुरानी थी। यद्यपि इसका फिटनेस आरटीओ इंश्योरेंस कम्पलीट था। परंतु इतनी पुरानी बस स्कूल संचालन में लेकर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ तो नहीं, यह तो समय ही बताएगा। परंतु दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए क्योंकि पूरे जिले में बस के आरटीओ इंश्योरेंस को लेकर बवाल मचा हुआ है। अभी हाल ही में महादेव मेले में बसों में यात्रियों के साथ जमकर लूट चली है। ऐसे में स्कूल बस का सड़क हादसा गंभीर चिंता का विषय है। जिम्मेदारों को सजगता के साथ कार्यवाही की आवश्यकता है।

### तीन दिवसीय बोध दिवस का भव्य आयोजन

**दमुआ।** जगत गुरू तत्वदर्शी श्री संत रामपाल जी महाराज का 39 वां बोध दिवस का कार्यक्रम 15, 16, 17 फरवरी के उपलछ मे अखण्ड पाठ एवं रक्त दान शिविर और दहेज मुक्त विवाह समारोह का कार्यक्रम किया गया है अध्यात्मिक प्रदर्शनी जैसे काउन्टर , भव्य झांकी चित्रण की सुन्दर प्रस्तुती भी देखने को मिलेगी कार्यक्रम मे विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया ।

# नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित राजस्व के सभी प्रकरणों का समय सीमा में हो निराकरणः कलेक्टर

### कलेक्टर श्री नारायन ने ली राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, जिला मुख्यालय के सभी संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खनिज अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

**अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश-** कलेक्टर श्री नारायन ने अवैध उत्खनन के प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए कि खनिज और राजस्व का अमला नियमित रूप से संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से सतत निगरानी रखते हुए स्वयं भी मैदानी भ्रमण कर स्थिति का आकलन करें।

#### वनाधिकार दावों की सतत मॉनिटरिंग

वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत दावों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देशित किया कि वन विभाग द्वारा अमान्य किए गए दावों के कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ प्राप्त हो सके।

#### राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश

भू-राजस्व एवं अन्य मदों की मांग एवं वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण कर राजस्व संग्रहण की गति बढ़ाई जाए।

#### सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरणों की गहन समीक्षा

बैठक में सर्पदंश से हो रही मृत्यु की घटनाओं की भी समीक्षा की गई। अप्रैल 2025 से अब तक 50 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु सर्पदंश से होने पर चिंता व्यक्त की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण की विस्तृत जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि मृत्यु के कारणों का समुचित विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएं। साथ ही सर्प दंश से बचाव के संबंध में ग्रामीणों के मध्य जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## मरम्मत हुई नहीं, निकाल ली राशि, साल भर से झूर्रे में लावारिस खड़ा टैंकर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

विकासखंड परासिया की बाघबर्दिया ग्राम पंचायत में पानी टैंकर की मरम्मत हुई ही नहीं और मरम्मत के नाम पर राशि निकाल ली गई । टेंकर साल भर से झूर्रे में लावारिस हालत में खड़ा हुआ है ।मिली जानकारी के मुताबिक गत वर्ष टैंकर की मरम्मत को लेकर बड़ी राशि सरपंच एवं सचिव के द्वारा निकाली गई । मरम्मत का फर्जी बिल लगाया गया । जिस टेंकर की मरम्मत के नाम पर राशि निकाली गई वह बाघबर्दिया गांव से 2 किलोमीटर दूर झुर्रेमाल मार्ग में पिछले एक साल से लावारिस हालत में खड़ा है । जो कबाड़ बन रहा है । जानकार सूत्रों ने बताया , कि गत वर्ष टैंकर की मरम्मत का काम हुआ ही नहीं , लेकिन बकायदा टैंकर मरम्मत को लेकर पंचायत में बिल क्रमांक 135 लगाकर 67 हजार 400 रुपए निकाले गए । टैंकर मरम्मत का बिल रविन्द्र राठौर के नाम का लगाया गया है ।

**इनका कहना है**

टैंकर के लिए टायर खरीद लिए हैं । टायर लगाने के बाद मरम्मत के लिए ले जाएंगे।

**तशरीफ़ खान सचिव**
**ग्राम पंचायत, बाघबर्दिया**

## पीएम श्री गर्ल्स स्कूल की जूनियर्स छात्राओं ने अपने सीनियर्स को दी भावभीनी विदाई

**दमुआ।** शासकीय पीएम श्री गर्ल्स स्कूल की सर्वोच्च कक्षा की छात्राओ को कक्षा ग्यारहवी की छात्राओ ने भाव भीनी विदाई दी । इस मौके पर बारहवी की छात्राओं ने भी स्कूली जीवन के खट्टे मीठे अनुभवो को साझा कर आयोजन को यादगार बना दिया । वार्षिक परीक्षा से ठीक पहले आयोजित कार्यक्रम में छात्राएँ नए लुक के साथ चिड़ियों सी चहक रही थी । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वन्दना से हुआ । इसके बाद स्कूली जीवन से विदा लेने वाली 64 छात्राओ को ग्यारहवी की छात्राओं तिलक लगा कर अनुभव व्यक्त करने के लिए आमन्त्रित किया । कला जीव विज्ञानं गणित गृह विज्ञानं और व्यावसायिक संकाय की बच्चियो नेअपने गुरुजनो के साथ संस्था प्राचार्य सी के सातनकर के सानिध्य में बीते लम्हों को याद किया कई छात्राओ की आँखे इस दौरान भर आई ।

## रक्तदान शिविर तथा एक शाम शहीदों के नाम देशभक्ति संध्या का आयोजन

**सिंगोड़ी:-** सिंगोड़ी में 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में झण्डा वंदन समिति एवं व्यापारी मंडल सिंगोड़ी द्वारा शहीद दिवस के रूप में मनाते हुए रक्तदान शिविर तथा एक शाम शहीदों के नाम देशभक्ति संध्या का आयोजन रखा गया है। समिति के निशंक जैन ने बताया कि सात वर्ष पूर्व 14 फरवरी को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश ने अपने कई वीर सपूत खोए थे। उन्हीं वीरों को नमन करते हुए यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें जरूरत मंद लोगों के लिए शासकीय बालक माध्यमिक शाला बस स्टैण्ड में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है वहीं एक शाम शहीदों के नाम आर्केष्ट्रा के माध्यम से रात्रि 8 बजे से कबीरवाड़ा साहेब दरबार के प्रांगण में देश भक्ति गीतों का आयोजन किया जाना हे। वहीं समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर देशभक्ति की भावना प्रकट करने की अपील की गई है।

### ग्रामीणों में दहशत, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# सीमावर्ती क्षेत्र में हेवी बारूदी ब्लास्टिंग से अनेक ग्रामों में जनजीवन प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा**

जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला बैतूल के प्रभात पट्टन तहसील अंतर्गत ग्राम घाटबिरोली स्थित इम्प्लोक्लेड टेक्नोलॉजिस प्रायवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा की जा रही लगातार हेवी बारूदी ब्लास्टिंग के विरोध में शिकायत प्रस्तुत की। ग्रामीणों के अनुसार ब्लास्टिंग एरिया से पांढुर्णा तहसील के कुछ ग्राम काफी नजदीक जहां दुष्प्रभाव देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाने तथा हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।



#### यह गांव है प्रभावित

ग्रामीणों के अनुसार पांढुर्णा जिले के ग्राम पीपलपानी, बोरगांव, चाटवा, देवनाला, सातभाई ढाना, खेड़ी, राखीढाना, मोही सहित आसपास के कुछ गांव और प्रभात पट्टन तहसील मुलताई के कुछ गांव भारी बारूदी ब्लास्टिंग से प्रभावित हो रहे हैं। घाटबिरोली, प्रभात पट्टन जिला बैतुल में स्थित इम्प्लोक्लेड टेक्नोलॉजी प्रा.लि. नाम कंपनी द्वारा नामक बताया गया कि कंपनी द्वारा विस्फोटक वेल्डिंग प्रक्रिया में उच्च क्षमता के विस्फोटकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे लगातार तेज कंपन उत्पन्न हो रहे हैं।

#### उच्च क्षमता वाले विस्फोटक का प्रयोग

ग्रामीणों के अनुसार काफी बडी साइजवाली कच्चे लोहे से बनी दो प्लेटों में वेल्डिंग करे के लिए इन्हें पहले एक पर एक रखा जाता है। इसके बाद इन प्लेटों चारों तरह भारी क्षमतावाले विस्फोटक की लेयर बनाई जाती है। बडी क्षमता का विस्फोट कर उच्च तापमान पैदा किया जाता है जिससे दोनों प्लेटें आपस में एकरूप हो जाती है। फिर इन प्लेटों को भारत के अलग अलग क्षेत्रों में भेजा जाता है।

#### पर्यावरण को हो रहा नुकसान

ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लास्टिंग के कारण हमारे क्षेत्र के जलस्त्रोत, जंगल, जमीन, पशु - पक्षी और पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो गया है। कई किसानों के कुएं धंस गए हैं, जलस्तर नीचे चला गया है तथा घरों, स्कूलों, आंगनबाड़ी भवन, जलाशयों और पानी की टंकियों में दरारें आ गई हैं। ध्वनी और वायु प्रदूषण का स्तर काफी जादा हो गया है। इसके अलावा बिजली के खंभों को भी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के साथ जंगल, वन्यजीव और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की बात कही है।-

#### मांगा आर्थिक मुआवजा

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि कंपनी द्वारा की जा रही बारूदी ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा प्रभावित किसानों की जमीन, कुओं और सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित आर्थिक मुआवजा दिलाया जाए।

### महाकाल समिति न्यूटन ने शुरू किया भंडारा, हजारों की संख्या में भक्त उठा रहे महाप्रसाद का लाभ

# शिव मय हुआ कोयलांचल, गली-गली से निकल रहे त्रिशूल, जगह-जगह हो रहे भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जैसे - जैसे महाशिवरात्रि का दिन करीब आ रहा है , कोयलांचल क्षेत्र शिव मय होता जा रहा है । कोयलांचल की हर गली - कूचो से त्रिशूल लेकर भक्त महादेव के लिए निकल रहे हैं । उनकी सेवा में शिव भक्तों के द्वारा जगह - जगह भंडारों का आयोजन किया गया है ।

### महाकाल समिति न्यूटन ने शुरू किया भंडारा

महाकाल समिति न्यूटन से जुड़े युवाओं के द्वारा महादेव मेला पचमढ़ी और भूरभगत जाने वाले भक्तों के लिए शनि मंदिर भीमसेन में भंडारा शुरू किया है । समिति से जुड़े भक्त महादेव जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति से भंडारा ग्रहण करने का आग्रह कर रहे हैं । भक्तों को मंदिर परिसर में बैठाकर भंडारा खिलाया जा रहा है ।

### त्रिशूल यात्रा

वैसे तो इस वक्त कोयनलंचल के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र से भक्तगण व्यक्तिगत और सार्वजनिक तौर पर छोटे - बड़े त्रिशूल लेकर बाजे - गाजे के साथ चौड़ागण स्तिथ भगवान शिव के मंदिर पहुंच रहे हैं । इसी क्रम में लगातार 5 वर्षों से शिवरात्रि के पावन दिन परासिया में मोक्ष धाम सेवा समिति के द्वारा त्रिशूल यात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है । समिति का ऐसा मानना है , कि जिस भी मोक्ष धाम में त्रिशूल नहीं है वहां त्रिशूल अर्पित किए जाए और बाबा महादेव से क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना की जाए । मोक्षधाम सेवा समिति स्वप्निल करानिया ने बताया , कि समिति के द्वारा विशाल भंडारा स्वामी विवेकानंद पार्क परासिया के सामने शिवरात्रि के दिन किया जाएगा एवं रात में विशाल त्रिशूल यात्रा का नगर भ्रमण कर मोक्ष धाम में अर्पित किया जाएगा ।



### शिव बारात का विशेष आकर्षण

नगर विकस समिति चांदामेटा के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी शिव बारात महा शिवरात्रि के दिन 15 फरवरी को आयोजन किया गया है । जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा । समिति के मार्गदशक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरिचंद अग्रवाल , समिति अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा , उपाध्यक्ष उमाशकर धीमान , मंत्री मनीष जैन , कोषाध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने बताया , कि इस बार शिव बारात में विशेष झाँकिया होंगी । शैला नृत्य का आयोजन भी होगा । बारात 15 फरवरी को शाम 6 बजे निकलेगी । दिन में सुहागले पूजन का कर्यक्रम होगा , जिसमें 200 के लगभग महिलाएं शामिल होंगी । विभिन्न तरह से आग जलाने का प्रदर्शन भी होगा । समिति अध्यक्ष ने लोगों से अपील की है , कि श्रद्धा , भक्तिभाव से बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनावे ।



### पश्चिमी न्यूटन से महादेव पहुंची त्रिशूल यात्रा

**न्यूटन** :- पश्चिमी न्यूटन नंबर 4 से दुर्गा मंदिर समिति द्वारा त्रिशूल यात्रा महादेव के लिए निकली । भक्तों द्वारा दो त्रिशूल यात्रा के रूप में लेकर गए । इसके पूर्व भक्तों द्वारा त्रिशूल लेकर क्षेत्र भ्रमण किया गया ।



## सचिव संगठन द्वारा शिव भक्तों को स्वल्पाहार वितरण

**जुन्नारदेव।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सचिव संगठन द्वारा धार्मिक आस्था और सेवा भाव का परिचय देते हुए विगत दो दिनों से सांगाखेड़ा स्थित प्रसिद्ध भूरा भगत मंदिर में शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार वितरित किया जा रहा है।मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। सचिव संगठन के सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रूप से स्वल्पाहार प्रदान किया।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष संजीव सूर्यवंशी ने बताया कि धार्मिक आयोजनों में सेवा कार्य करना पुण्य का कार्य है। तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग निरंतर जारी रहेगा।श्रद्धालुओं ने सचिव संगठन के इस सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।जिसमें सचिव संगठन ब्लॉक अध्यक्ष संजीव सूर्यवंशी शिव साहू धनराज यदुवंशी सेवक आरसे प्रेम अहके अरविंद साहू पुष्कुमार विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा रामसिंग बोसोम चरणलाल यूके सतराम सरयाम काशी यदुवंशी मुन्नू पहाड़े खुशबू नामदेव सविता ठाकुर अशोक यदुवंशी,सहित बड़ी संख्या में सचिव संगठन के साथी उपस्थित रहे।

### वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति लॉ कॉलेज में आयोजित हुआ स्नेह सम्मेलन

**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन की धूम रही। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। प्राचार्य डॉ कमलाकर मोटघरे ने स्वागत उद्बोधन देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कविताएं, गीत, हास्य कविता, एकल नृत्य और समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण भारतीय वेशभूषा प्रतियोगिता रही जिसमें छात्र छात्राओं ने बंगाली, गुजराती, कश्मीरी, हरयाणवी, मराठी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी, राजपूती, राजस्थानी , आदिवासी इत्यादि वेशभूषा धारण करके संपूर्ण भारत को एक मंच पर ला दिया। बोधिसत्व गजभिये और कपिल सिंगरोरे की हास्य कविता ने दर्शकों को खूब हंसाया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी राकेश कुमार कोष्टी ने किया। निर्णायक भूमिका में डॉ दमयंती कटरे और डॉ स्नेहा कुमारी रहीं।ये बने विजेता एकल नृत्य - हिमांशु अग्निहोत्री प्रथम, एकता मिश्रा द्वितीय, राजकुमारी उइके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वेशभूषा महिला - नेहा प्रजापति प्रथम, दिपाली बडखाने द्वितीय , राजकुमारी उइके तृतीय स्थान पर रही वेशभूषा पुरुष - हिमांशु अग्निहोत्री प्रथम, हर्ष गुप्ता द्वितीय, भूपेंद्र जोगेकर तृतीय स्थान पर रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन - कुनाल चौधरी और राजकुमारी उइके ने प्राप्त किया सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी - अमृता सनोडिया ने प्राप्त किया समूह नृत्य - प्रीता सरेयाम, महिमा, सरस्वती, पूजा, रुपाली ने प्रथम स्थान, रागिनी पुरी और अमृता सनोडिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव का वार्षिकोत्सव समारोह



### अभिभावक दिवस पर अभिभावकों का सम्मान कर वार्षिक रिपोर्ट का किया जाएगा वाचन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में आज 14 फरवरी 2026 को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समारोह प्रातः 11:00 बजे स्कूल परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का आगमन- स्वागत गीत के साथ अतिथियों का परिचय- सरस्वती वंदना,अभिभावक दिवस पर अभिभावकों का सम्मान-वार्षिक रिपोर्ट का वाचन- सांस्कृतिक कार्यक्रम- पुरस्कार वितरण- अतिथियों का संबोधन- धन्यवाद ज्ञापन-वंदे मातरम-भोजन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथिः के रूप में राजकुमार कर्राहे (विधायक, लांजी, किरणपुर)- अध्यक्षः श्री रामकुमार ठाकरे (सरपंच)- विशिष्ट अतिथिः के रूप में रमेश भटेरे (पूर्व विधायक, लांजी, किरणपुर), संतोष पटेल (डीएसपी, बालाघाट) कार्यक्रम में विशेष रूप से आर्मंत्रितः श्रीमती ज्योति उमरे (जिला पंचायत सदस्य), रेवाराम कराहटकरे (जनपद सभापति), श्री एल.डी.रावते (पूर्व बीडीसी), श्रीमती सुशीला डोमड़े (सेवानिवृत्त शिक्षक), श्रीमती मालती ठाकरे (सेवानिवृत्त नर्स), सीताराम रावते (मंडल अध्यक्ष, बी.जे.पी.), पूरनलाल मेश्राम (सामाजिक कार्यकर्ता), जगेश्वर रावते (सामाजिक कार्यकर्ता) वह अन्य ग्रामीण जनों की गरिमामई उपस्थित रहेगी।

## ग्राम किन्ही में एसबीआई बैंक शाखा हिल्ली द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 11 फरवरी को ग्राम किन्हीं में भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिर्री द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया जिस में विशेष अतिथि के रूप में माननीय श्री नरेश गौतम सर (RBO मंडला) एवं भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री मनोज शर्मा सर उपस्थित रहे शाखा प्रबंधक द्वारा आज भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश अनुसार वित्तीय साक्षरता की जानकारी देते हुए खाते के साइबर फ्रॉड खातों की केवाईसी - म्यूल अकांउट एवं सोशल सुरक्षा बीमा जिस में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति - प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा -प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना- सुकन्या समृद्धि योजना - पर्सनल लोन होम लोन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (MMMY) भारत सरकार द्वारा छोटे और सूक्ष्म उद्योग योजना लोन की जानकारी ग्रामीणों तक कार्यक्रम के माध्यम से बताई गयी कार्यक्रम में विशेष योगदान भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिर्री एवं कियोस्क संचालन की अहम भूमिका रही।।

## साईटोला से रानी मोहगांवघाट सड़क का हुआ डामरीकरण, आवाजाही में हूई सुविधा

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी विकास खंड के अंतर्गत आने वाली साईटोला से चोरपिंडकेपार रानी मोहगांवघाट सड़क का डामरीकरण कार्य पूर्ण हुआ है जिससे मार्ग से चलने वाले राहगीरो व ग्रामवासियो को सुविधा उपलब्ध हुई। अब मार्ग से मुसाफिरो का सफर अपने गंतव्य की ओर सुहलित भरा हो रहा है। इस क्षतिग्रस्त सड़क का सुधारीकरण कार्य लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार के द्वारा विभागी अधिकारी के तकनीक मार्गदर्शन में संपन्न किया गया है। सड़क का सुधारीकरण कार्य होने से मार्ग से चलने में दिक्कत महसूस नही हो रही है । जानकारी के अनुसार यह सड़क लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आती है जो करीब 7 से 8 किलोमीटर लम्बा मार्ग है । मार्ग क्षतिग्रस्त और बदहाल हो गया था जिससे मुसाफिर को अपने गंतव्य की ओर सफर तय करने में दिक्कत महसूस होती थी। लेकिन अब मार्ग का डामरीकरण व सुधार कार्य होने से राहगीरो को परेशानी से निजात मिली है। यह मार्ग एक ओर से साईटोला कटोरी होते हुए खैरलांजी मुख्यालय की ओर जाता है एंव दूसरी ओर चोरपिंडकेपार रानी मोहगांवघाट होते हुए कटंगी की ओर जाता है। मार्ग का सुधारीकरण होने से आवाजाही में सहूलियत हो रही है।

## किरनापुर में 120 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

हरिभूमि न्यूज किरनापुर/लांजी।



स्थानीय समाजसेवियों,BMO किरनापुर के सहयोग एंव किरनापुर के वरिष्ठ पत्रकारो के मार्गदर्शन में युवा समर्पण रक्तदान एंड वेलफेयर सोसायटी बालाघाट के बैनर तले किरनापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जंहा समस्त प्रशासनिक विभागों के अधिकारी,कर्मचारी, शामिल रहे जिनमे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकाश अग्रवाल ने रक्तदान किया। साथ ही छेत्र के युवाओं ने रक्तदान करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस रक्तदान शिविर में तहसील कार्यालय किरनापुर के अधिकारी,पटवारी,कोबरा बटालियन 208 के जवानों सहित किरनापुर बिजली विभाग के कर्मचारी, आईटी आई किरनापुर एंव लायब्रेरी में परीक्षाओ की तैयारियां कर रहे युवाओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।उक्त रक्तदान शिविर वर्ष चौबे BMO किरनापुर की अध्यक्षता एंव वरिष्ठ पत्रकार इंद्रजीत सिंह दशमेर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। जिसमें भुवन सिंह राहंगडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर,मंगल प्रसाद रहेकवार समाजसेवी, योगराज भास्कर निर्माण सभापति ,पप्पू सारडा(सारडा मेडीकल स्टोर्स) किरनापुर के समस्त निजी चिकित्सक, कोबरा बटालियन 208 के अधिकारी एंव डॉक्टर्स सहित मयाराम कोल SDM किरनापुर,वर्षा झारिया तहसीलदार किरनापुर, माधव शर्मा थाना प्रभारी किरनापुरबबिता सूर्या नायब तहसीलदार, रूबी मराठे राजस्व निरक्षक, सहित स्थानीय समाजसेवी एंव युवा रक्तदाता उपस्थित रहे जिन्हें वरिष्ठ पत्रकारो के हस्ते स्वागत सत्कार में शाल श्रीफल के साथ मोमेंटो प्रदान किया गया ।उक्त कार्यक्रम के सम्बंध में युवा समर्पण रक्तदान वेलफेयर सोसायटी बालाघाट के सरंक्षक सुभाष सर,अध्यक्ष - गौतम ब्रम्हे एंव प्रशांत नागेश्वर ने बताया कि हमारा उद्देश थेलेशिमिया के विषय में जागरूकता देना रहा है। और हम हर जरूरतमंद व्यक्ति तक निःशुल्क रक्त प्रदान करने का काम 24×7 दिन हैं। साथ ही हमारी टीम दूसरे राज्यो या मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में जरूरमंद व्यक्ति को रक्तदान प्रदान करने की व्यवस्था करती हैं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही की 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष के सभी लोगों ने इस शिविर में हिस्सा लिया और करीब 120 रक्तदाताओं ने रक्तदान करते हुएमानवता का परिचय दिया है।रक्तदान शिविर में लोगो का आगे आना क्षेत्र में बहुत ही शुभ संदेश और अच्छी पहल है। इस कार्यक्रम में जिस जोश और जुनून के साथ सभी युवा उपस्थित रहे। यह बहुत प्रशंसनीय है साथ ही किरनापुर तहसील के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां के युवा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक जैसे कार्यक्रमो में अपने आप को बढ़-चढ़कर प्रस्तुत करते हैं। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉ. वर्ष चौबे खण्ड चिकित्सा अधिकारी किरनापुर एंव उनका पूरा स्टाफ, वरिष्ठ पत्रकारों में राकेश बोरकर, संजय सिंह चौहान, मदनमोहन पराशर विकेश मेश्राम, मंजीत भीमटे सफदर जलील खान ,अतुल अर्जुनवार, पिंटू सोनुले,निक्की खान,जगदीश मानेश्वर, दीपांशु वराडे, हेमेंद्र पंचेश्वर,गौरव बुरडे,अजय बैस सहित किरनापुर के युवाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### क्रिकेटर आर पी सिंह ने विजेता इटावा की टीम व प्लेयर ऑफ द मैच नवनीत कुमार को दिया पुरस्कार

## इटावा ने जबलपुर को 64 रनों से हराकर जीती ट्राफी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय टिहलीबाई माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर खेली जा रही ऑल इंडिया देवधर ट्राफी के फाईनल मैच में इटावा की टीम ने जबलपुर की टीम को 64 रनों से करारी शिकस्त देकर ट्राफी अपने नाम कर ली। इटावा के गेंदबाज नवनीत कुमार को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि आर पी सिंह क्रिकेटर, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व अतिथियों के हस्ते प्रदान किया गया।

देवधर ट्राफी के फाईनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज रुद्र प्रताप सिंह ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ मैदान में पहुँच कर सर्वप्रथम खुली जिप्सी में घूमकर दर्शकों का अभिवादन किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे इटावा टीम के खिलाडिय़ों की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इटावा का पहला विकेट विशेक के रुप में 16 रन पर ही गिर गया। लेकिन उसके बाद हर्ष त्यागी और सत्यम सांगू ने जबलपुर के गेंदबाजों को किसी प्रकार का मौका नहीं दिया और अपने शानदार प्रदर्शन से उनकी लय बिगाड़ कर रख दी। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए शानदार 84 रनों की साझेदारी हुई। इटावा का दूसरा विकेट 102 रन पर हर्ष त्यागी के रुप में 10.1 ओवर में गिरा। हर्ष त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 36 गेंद में 6 चौके व 4 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। उसके बाद इटावा के विकेट जल्दी-जल्दी गिरने लगे। हर्ष के आऊट होने के बाद 115 रन के स्कोर पर उज्जवल यादव 7 रन व अगली गेंद पर सत्यम सांगे 48 रन बनाकर आऊट हो गए। सत्यम ने अपने 48 रन के स्कोर में 8 चौके व एक छक्का जड़ा। उसके बाद 137 रन के स्कोर पर अर्जुन त्यागी 4 रन, 139 रन के योग पर दिव्यांश राजपूत 10 रन, 142 रन के स्कोर पर कप्तान सिद्धार्थ गुप्ता 2 रन, 162 रन के स्कोर पर भूपेन्द्र सिंग 10 रन बनाकर रन आऊट हो गए। अभयराज ने 20 वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का मारकर 6 रन बनाकर इटावा का स्कोर 8 विकेट पर 168 रन पर पहुँचा दिया। जबलपुर के गेंदबाजों ने कुल 13 रन अतिरिक्त दिए।

इटावा का पहला विकेट 16 रन पर विशेक कुमार, दूसरा विकेट 102 रन पर हर्ष त्यागी, तीसरा विकेट 115 रन पर उज्जवल यादव, चौथा विकेट 115 रन पर सत्यम सांगू, पॉचवा विकेट 137 रन पर अर्जुन त्यागी, छटवॉ विकेट 139 रन दिव्यांश राजपूत, सातवॉ विकेट 142 रन पर सिद्धार्थ गुप्ता, आठवॉ विकेट 162 रन पर भूपेन्द्र सिंह का गिरा।

जबलपुर की ओर से गेंदबाज वैभव पाल ने 3 ओवर में 23 रन, जसबीर सिंह 4 ओवर 35 रन 2 विकेट, आदित्य सिंग 4 ओवर एक मेडन 22 रन 2 विकेट, वंदित जोशी 4 ओवर 31 रन 2 विकेट, अतुल कुशवाहा 4 ओवर 35 रन एक विकेट, गौरव पिछोनिया एक ओवर में 17 रन दिए।

खबर संक्षेप

## 14 फरवरी को आयोजित होगा कृषि विज्ञान मेला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आत्मा योजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान मेले का आयोजना शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज ग्राउड सिवनी में शनिवार 14 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। उक्त मेले में कृषकों को प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री, ई-विकास प्रणालीएवं कृषक कल्याण वर्ष 2026 अन्तर्गत नवीनतम कृषि तकनीकि और आधुनिक कृषि यंत्रों से संबंधित जानकारी दी जायेगी। कृषि विज्ञान मेले में कृषि वैज्ञानिक परिचर्चा के माध्यम से कृषकों की खेती से संबंधित समस्याओं को त्वरित निराकरण किया जायेगा। मेले में जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार के माध्यम से आगन्तुको के लिये रसायन मुक्त उत्पाद क्रय करने हेतु उपलब्ध रहेगें। कृषि विज्ञान मेले में कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी स्टॉल के माध्यम से आगन्तुको को अपने विभाग से संबंधित तकनीकि जानकारी एवं मार्गदर्शन देगें। कृषि विज्ञान मेले में निजी उर्वरक, बीज एवं पौध संरक्षण रसायन विक्रय करने वाली कंपनिया भी अपने स्टॉल के माध्यम से कृषकों को नवीन उन्नत किस्मों एवं उर्वरकों की जानकारी देगें। अतः कृषक भाईयो एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे उक्त कृषि विज्ञान मेले में पहुंचकर लाभ उठायें।

# झाबुआ पावर प्लांट की रॉक फ्लाई ऐश से घुट रहा अंचल, बेलगाम डंपरों ने छीनी जनता की सांसें

### नियमों की धज्जियां उड़ाता ठेकेदार, प्रशासन मौन—अब मुख्यमंत्री से ही आस लगाए बैठे लोग

## बेलगाम डंपरों का तांडव, हर सड़क बनी धूल का गुबार

घंसौर / झाबुआ पावर प्लांट बरेला से निकलने वाली रॉक फ्लाई ऐश (राख) का परिवहन इन दिनों पूरे क्षेत्र के लिए अभिशाप बन चुका है। ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखकर ओवरलोड डंपरों से धड़ल्ले से राख का परिवहन किया जा रहा है। न तो डंपरों पर ढंग से तिरपाल ढका है, न ही प्रदूषण नियंत्रण के कोई मानक अपनाए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप सड़कों पर राख बिखर रही है, हवा में उड़ती राख लोगों के फेफड़ों में जहर घोल रही है।

### पर्यावरण नहीं, सिर्फ मुनाफा प्राथमिकता

जानकारों की मानें तो फ्लाई ऐश परिवहन को लेकर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं। लेकिन झाबुआ पावर प्लांट बरेला (घंसौर) के ठेकेदार के लिए ये नियम केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। ओवरलोड डंपर तेज रफ्तार से दिन-रात दौड़ रहे हैं, जिससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि आमजन की जान भी खतरे में है।

### बीमारियों का बढ़ता ग्राफ, अस्पतालों में बढ़ी भीड़

क्षेत्र में दमा, सांस की बीमारी, आंखों में जलन, त्वचा रोग और हृदय संबंधी परेशानियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय डॉक्टरों का कहना है कि हवा में उड़ती फ्लाई ऐश इसका प्रमुख कारण है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। गांव-गांव में लोग खांसते-कराहते नजर आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

### सड़कें बनी मौत का रास्ता

राख के गिरने से सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं। आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई बार बड़े हादसे टल चुके हैं, लेकिन प्रशासन अब भी नींद में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### प्रशासन मौन, जनचर्चा में 'मैनेजमेंट' की चर्चा

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद शासन-प्रशासन मुखदर्शक बना हुआ है। क्षेत्र में खुलकर चर्चा है कि ठेकेदार ने सबको मैनेज कर रखा है। यही वजह है



कि न तो परिवहन विभाग कार्रवाई कर रहा है, न प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सक्रिय है और न ही स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है।

### ठेकेदार का आतंक, लोग दहशत में

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेकेदार का इतना आतंक है कि कोई खुलकर विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। जो आवाज उठाता है, उसे दबाने की कोशिश होती है। यह हालात लोकतंत्र और कानून व्यवस्था दोनों पर बड़ा सवाल खड़ा करते हैं।

### नर्मदा परिक्रमा और पर्यावरण पर भी खतरा

राख परिवहन का सीधा असर नर्मदा परिक्रमा मार्ग और आसपास के पर्यावरण पर भी पड़ रहा है। नर्मदा भक्तों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण का भी गंभीर विषय बन चुका है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चुप्पी सवालों के घेरे में

मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जिन पर पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी है, वे ही आंखें मूंदे बैठे हैं। क्या कार्रवाई न करना भी किसी 'मैनेजमेंट' का हिस्सा है—यह सवाल अब आमजन पूछने लगा है।

### अब मुख्यमंत्री से उम्मीद

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब उन्हें जिला प्रशासन या विभागीय अधिकारियों से कोई उम्मीद नहीं बची है। आखिरी आस मुख्यमंत्री मोहन यादव से है। लोगों को भरोसा है कि मुख्यमंत्री ही इस बेलगाम और दबंग ठेकेदार पर नकेल कस सकते हैं और क्षेत्र को प्रदूषण से मुक्ति दिला सकते हैं।

### जनता की चेतावनी—अब भी नहीं चेते तो होगा आंदोलन

आमजन, सामाजिक संगठनों और पत्रकार संघ ने साफ संकेत दे दिए हैं कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। यह सिर्फ एक क्षेत्र का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में पर्यावरण और कानून के सम्मान से जुड़ा सवाल है।

### सवाल सिर्फ राख का नहीं, सिस्टम का है

झाबुआ पावर प्लांट बरेला के ठेकेदार कर रहे नियम विरुद्ध रॉक फ्लाई ऐश परिवहन इस बात का प्रतीक बन चुका है कि जब सिस्टम कमजोर पड़ता है, तो मुनाफाखोर ताकतवर हो जाते हैं और आम जनता पिसती है। अब देखना यह है कि शासन इस गंभीर संकट को कितनी गंभीरता से लेता है या फिर जनता को खुद सडक पर उतरकर अपनी सांसों की लड़ाई लडनी पड़ेगी।

## 6000 रुपए की रिश्वत लेते एक और भ्रष्टाचारी पटवारी को लोकायुक्त ने रंगे हाथ पकड़ा

### मामला जमीन संबंधी सीमांकन एवं पावती बनाने हल्का नंबर 82 के पटवारी महेंद्र सिंह बिसेन ने की थी रूपयो की मांग



बरघाट क्षेत्र के ग्राम गंगेरूआ (धपारा ) के पटवारी कार्यालय में अफरा तफरी माहौल मच गया जब लोकायुक्त की टीम ने दिनदहाड़े पटवारी हल्का नंबर 82 के महेंद्र बिसेन ने बोरी खुर्द निवासी भगत खरे पिता भैया लाल खरे से छः हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा लिया।

खबर लगते ही मीडिया कर्मचारी एवं लोगों की भीड़ लगने लगी जिससे आला अधिकारियों में डर का माहौल दिखाई दिया। यह कार्रवाई दिनांक 12/2/ 2026 को लगभग 12 और 1 के बीच दोपहर में हुई खबर लगते ही चारों ओर लोकायुक्त की टीम द्वारा की गई कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है इस कार्रवाई में जबलपुर लोकायुक्त टीम के अधिकारी निरीक्षक जितेंद्र यादव निरीक्षक ब्रजमोहन नरवरिया एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जांच दल गठित कर यह कार्रवाई की गई अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचारी पटवारी महेंद्र सिंह बिसेन पर अगली कार्रवाई की जा रही है।

## पक्षकार पहुंचे नहीं, पहले बढ़ी तारीख! घंसौर एसडीएम कोर्ट की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर आयुष तिवारी ।

### पेशी समय से पहले निपटाने और नोटशीट में अग्रिम प्रविष्टि के आरोप, वकील-अधिकारी की सांठगांठ






सिवनी जिला के घंसौर न्याय व्यवस्था पर आमजन का भरोसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है, लेकिन जब न्यायालय की कार्यप्रणाली पर ही प्रश्नचिह्न लगने लगें तो यह चिंता का विषय बन जाता है। घंसौर एसडीएम न्यायालय में इन दिनों कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। सूत्रों के अनुसार, यहां कई प्रकरणों में पक्षकारों के न्यायालय पहुंचने से पहले ही पेशी की कार्रवाई पूरी कर ली जाती है और नोटशीट में अगली तारीख बढ़ाने का उल्लेख कर दिया जाता है।

बताया जा रहा है कि जिन मामलों में पेशी नियत होती है, उनमें सुबह 11 से 12 बजे के बीच ही आदेश-पत्र पर अगली तारीख अंकित कर दी जाती है, जबकि न्यायालयीन समयानुसार पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए शाम 5 बजे तक का समय रहता है। यदि निर्धारित समय तक कोई पक्षकार उपस्थित नहीं होता, तब नियमानुसार आदेश पारित किया जाता है, लेकिन यहां आरोप है कि पक्षकारों के आने से पहले ही तारीख बढ़ा दी जाती है।

### नोटशीट में पहले से प्रविष्टि

सूत्रों का कहना है कि कई मामलों में नोटशीट में पहले से यह दर्ज कर दिया जाता है कि पक्षकार अनुपस्थित, अगली तिथि नियत की जाती है, जबकि संबंधित पक्षकार 12.30 मे न्यायालय पहुंचते हैं और उन्हें पता चलता है कि उनकी सुनवाई बिना उपस्थित हुए ही आगे बढ़ा दी गई। इससे पक्षकारों में आक्रोश है और वे इसे न्याय प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ मान रहे हैं।

### न्यायालयीन प्रक्रिया क्या कहती है?

कानूनी जानकारों के अनुसार, किसी भी राजस्व न्यायालय या कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में सुनवाई के दौरान पक्षकारों को समुचित अवसर देना अनिवार्य है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत (Principles of Natural Justice) के तहत "Audi Alteram Partem" अर्थात "दूसरे पक्ष को भी सुना जाए" का सिद्धांत लागू होता है। यदि किसी पक्षकार को उपस्थित होने और अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना ही तारीख बढ़ाई जाती है, तो यह न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत माना जाता है।

राजस्व न्यायालयों में भी सुनवाई की प्रक्रिया निर्धारित होती है और नोटशीट में वही अंकित किया जाना चाहिए जो वास्तविक रूप से न्यायालय कक्ष में घटित हुआ हो। यदि नोटशीट में पूर्व निर्धारित तरीके से प्रविष्टि की जाती है, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही या अनियमितता की श्रेणी में आ सकता है।

घंसौर एसडीएम न्यायालय में पेशी समय से पहले निपटाने और नोटशीट में अग्रिम प्रविष्टि करने के आरोप गंभीर हैं। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखाई भी देना चाहिए। यदि न्याय देने वाले मंच पर ही प्रक्रियात्मक पारदर्शिता पर प्रश्न उठने लगें, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इन आरोपों को किस गंभीरता से लेता है और क्या न्यायालयीन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं। जनता को उम्मीद है कि सत्य सामने आएगा और यदि कहीं गड़बड़ी है तो उसे सुधारने की दिशा में त्वरित कार्रवाई होगी

घंसौर जैसे क्षेत्र में एसडीएम न्यायालय आम नागरिकों के लिए न्याय का प्रमुख माध्यम है। ऐसे में यदि कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं, तो यह न केवल संबंधित प्रकरण बल्कि संपूर्ण व्यवस्था की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या उच्च स्तर पर जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाती है।

### चारगांव माध्यमिक शाला को खेल सामग्री प्रदान की



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** चारगांव माध्यमिक शाला को अपने पूज्य पिता स्वर्गीय पदमचंद नाहटा की स्मृति में खेल सामग्री प्रदत्त की गई. आज इस अवसर पर चारगांव माध्यमिक शाला में प्रदत्त खेल सामग्री सिंगलवार, डबलवार का लोकार्पण जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुजीत नाहटा द्वारा किया गया. इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक, शाला शिक्षक श्री अवस्थि जी एवं समस्त शाला शिक्षक, शिक्षिका परिवार, बच्चे एवं चंदन जैन, प्रणय भूरा एवं चारगांव ग्राम के सम्मानित गणों की उपस्थिति रहीं. इसी कार्यक्रम में सिवनी नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यावसायी श्री किशोर चंद्र जी प्रणय जी भूरा द्वारा सभी बच्चों को स्वेटर प्रदान की गयी.बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए.अंत में सुजीत नाहटा जी ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शाला परिवारो का आभार व्यक्त किया.

### विधायक दिनेश राय मुनमुन आज क्षेत्र का दौरा कर लाखों के विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास

**सिवनी।** आज 13/02/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन अपने विधानसभा क्षेत्र को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान आप लाखों की लागत वाले सामुदायिक भवन, एप्रोच रोड और स्नान घाटों का शिलान्यास करेंगे।और जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे। आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम झिलमिली (अलोनिया) मे प्रातः 10 बजे से सामुदायिक भवन, स्नान घाट व ग्राम बोरिया से टाडे की ओर एप्रोज रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार प्रातः 11 बजे ग्राम परासिया मे सामुदायिक भवन, बड़ा तालाब मे स्नान घाट, प्रातः 11.30 बजे ग्राम थावरी मे थावरी से कलारबांकी की ओर एप्रोज रोड, थावरीटोला से बड़ीझील एवं रेंगा की ओर एप्रोज रोड, थावरी से बजरवाडा की ओर एप्रोज रोड, लुंगसा से कलारबांकी की ओर एप्रोज रोड।

## मरझोर में एक ही आंगनबाड़ी केंद्र पर बढ़ता बोझ, नियमों की अनदेखी!

### ग्राम पंचायत खैरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम मरजोर में जनसंख्या अधिक होने के बावजूद केवल एक ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है।




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जबकि प्रावधान के अनुसार लगभग 1000 की जनसंख्या पर एक आंगनबाड़ी केंद्र होना चाहिए। इसके विपरीत मरझोर में बढ़ती आबादी के बावजूद अतिरिक्त केंद्र की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे बच्चों और महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही केंद्र में अधिक संख्या में बच्चों का पंजीयन होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। पोषण आहार वितरण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखरेख एवं शिशुओं की नियमित मॉनिटरिंग जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मरजोर की वास्तविक जनसंख्या का सर्वे कराया जाए और नियमानुसार अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि बच्चों और माताओं को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस समस्या का समाधान करता है

### महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से निकलेगी मठ सरकार की बारात

## आज हल्दी रश्म, 14 मेंहदी, संगीत विवाह की तैयारिया जोरों पर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के नगरीय क्षेत्र स्थित आदि शंकराचार्य द्वारा पूजित सिद्धपीठ मठ मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर देवाधिदेव महादेव और जगतमाता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। महादेव और मां पार्वती के विवाह की तैयारी पूरी हो चुकी है। विवाह के लिए कार्ड भी छप गए है और इन्हें सिवनी शहर के हर घर तक पहुंचाया जा रहा है। इस बात की जानकारी श्री मठ महाकाल समिति सिवनी ने दी है।

श्री मठ महाकाल समिति द्वारा बताया गया कि जिले में जगत पिता शिव और जगतजननी मां पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह बिलकुल ऐसे होता है जैसे आपके घर में विवाह समारोह आयोजन होता है। बिलकुल वैसे ही विवाह की सभी रस्मे भी होती हैं, जैसे हल्दी, मेहंदी, संगीत सभी। भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह 13 को हल्दी रसम, 14 को मेहंदी, संगीत, विवाह की तैयारियां जोरों पर के कार्ड में सभी चीजें बिलकुल वैसी है जैसे



कि जब अपने घरों में शादी विवाह के समय कार्ड में अंकित होता है। वर पक्ष, वधु पक्ष, रस्मों की तिथि अंकित की गयी है। देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के विवाह में वर पक्ष (देवाधिदेव महादेव के रूप में स्वयं महादेव का हृदय स्थाल यानी मह मंदिर समिति और वधु पक्ष की बात करें तो वधू पक्ष (जगतजननी माता पार्वती) के रूप में लक्ष्मी नारायण मंदिर है। विवाह के आयोजन में होने वाली रस्मों पर ध्यान दें की भगवान शिव के विवाह समारोह में हल्दी की रस्म 13 फरवरी को रात्रि 8 बजे से शुरू होगी। इसके बाद 14 फरवरी को मेहंदी एवं संगीत की रस्म रात्रि 08 चजे शुरू होगी। 13 एवं 14 फरवरी को रात्रि 8.30 बजे बगवान बोलेनाथ की भव्य महा आरती होगी। समिति ने बताया कि देवों के देव महादेव का शुभविवाह 15 फरवरी को संपन्न होगा, जिसके लिए विवाह स्थाल माठ मंदिर के बगल में ही खेत में बनाया जा रहा है। भगवान शिव की बारात मठ मंदिर से ही शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी। समिति ने बताया कि विवाह प्रतीकात्मक है, जिसमें स्वयं देवाधिदेव महादेव बनेगें दूल्हा एवं आप और हम बाराती के रूप में सम्मिलित होगें। साथ ही समस्त भूत-प्रेत एवं देवी-देवता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। अतः आप सभी भगवान शिव की इस बारात में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## गोल मशीन बिलासपुर का सामना रणनीतिक भोपाल से सिवनी में आज होगा महामुकाबला!

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अशोक एंड अशोक ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों ने खेल प्रेमियों के उत्साह को चरम पर पहुँचा दिया। मैदान पर जहां गोलों की झड़ी लगी, वहीं रणनीति और संयम का शानदार प्रदर्शन भी देखने को मिला। अब सभी की निगाहें फाइनल मुकाबले पर टिक गई हैं। पहले सेमीफाइनल में गुजरात और बिलासपुर अकादमी (खेलो इंडिया) के बीच खेले गए मुकाबले में बिलासपुर टीम ने एकतरफा दबदबा बनाया। ओलंपियन कोच लाखरा जी के मार्गदर्शन में खेल रही बिलासपुर अकादमी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। पहले हाफ में तीन गोल दागकर बढ़त बनाई और दूसरे हाफ में छह और गोल करते हुए कुल नौ गोल के विशाल अंतर से मुकाबला अपने नाम कर लिया। गुजरात टीम पूरे मैच में वापसी का अवसर तलाशती रही, लेकिन बिलासपुर की मजबूत आक्रमण पंक्ति के सामने टिक नहीं सकी। दूसरे सेमीफाइनल में भोपाल और मुंबई के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। भोपाल टीम ने पहले हाफ में दो गोल की बढ़त हासिल कर मैच पर पकड़ मजबूत कर ली। दूसरे हाफ में मुंबई ने कई प्रयास किए, परंतु गोल करने में असफल रही। अंततः भोपाल ने संयमित खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल मैच के दौरान सिवनी की जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हॉकी देश का गौरवशाली खेल है और इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए भविष्य में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। मैदान में दर्शकों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। सिवनी जिले के सभी पत्रकार साथी भी उपस्थित रहे और मुकाबलों को व्यापक कवरेज प्रदान किया।

## जल जंगल और जमीन को बचाए रखने के लिए जन आंदोलन

# उकवा में चार घंटे रहा चक्काजाम, हजारों की संख्या में आदिवासी उतरे सड़क पर





**हरिभूमि न्यूज उकवा।**

जल जंगल और जमीन को लेकर उकवा रेंज ऑफिस चौक में किया गया चक्का जाम लगभग 12 बजे से लुद, हिर्री, कोंगेवानी, बम्हनी, हर्रानाला, घोंदी, लौगुर, पोला एवं अन्य वन ग्रामो से आये हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने रेंज ऑफिस मे सड़क पर ना लोकसभा ना विधानसभा सबसे ऊपर ग्राम सभा जो जमीन सरकारी है वह जमीन हमारी है जंगल हमारी माई है बाघ हमारा भाई है लड़ेंगे जीतेंगे,जैसे अन्य नारे लगाते हुए सड़क के बीचो-बीच बैठकर चक्का जाम कर दिया। श्री संजय उईके विधायक बैहर श्री दलसिंह पंद्रे सभापति जिला पंचायत बालाघाट श्री मंसाराम मडावी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हिरासन बाई उईके श्रीमती नेहा सिंह जनपद सदस्य राजकुमार सिंह शिशुपाल तेकाम सरपंच दलदला ध्रुपकिशोर मरावी शिव उइके हरे सिंह पंद्रे धारा सिंह मर्सकोले भगवती सैयाम जनपद अध्यक्ष बैहर एवं बिरसा सुनील उइके विशाल आंदोलन प्रदर्शन चक्का जाम में उपस्थित रहे। विधायक श्री संजय उईके ने ग्रामीणों से कहा कि आज आप लोग सड़क पर धरना देकर बैठे हैं किस लिए पचामा दादर का खनन रोकने के लिए या पचामा की 60 हेक्टर जमीन को बचाने के लिए नहीं बल्कि हम आज यहां बैठे हैं हमारे देवी देवता हमारी आस्था हमारी संस्कृति को बचाने के लिए विधायक श्री उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि लघुर और पचमा दादर में बॉक्साइट के खनन के लिए 117 +35+60 +156 हेक्टर इस तरह 1241 हेक्टर बॉक्साइट खनन के लिए खोला गया है और यह पूरा वन क्षेत्र है इस खनन के लिए 150 एकड़ की रिपोर्ट E I A ड्राफ्ट अंग्रेजी में बनाई गई है। श्री उईके द्वारा बताया गया कि ब्लॉक आवंटन कर दिए गए हैं मगर ग्राम सभा की सहमति नहीं ली गई है ना ही ग्राम सभा से परामर्श किया गया जबकि वन क्षेत्र में पेसा एक्ट एवं वन अधिकार लागू है जिसके लिए ग्राम सभा की सहमति जरूरी है। वक्ताओं ने अपने भाषण में कहा कि विशाल जन आंदोलन ( चक्का जाम ) में क्षेत्रीय नागरिक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वाधान में अपने संवैधानिक अधिकार जल जंगल जमीन एवं प्राकृतिक संसाधनों के लिए और शासन प्रशासन की दोहरी नीति के विरुद्ध विशाल जन आंदोलन (चक्का जाम) किया गया है। हमारे संवैधानिक अधिकार पेसा एक्ट 1996 नियम 2022 का नियम 27 के अनुसार वन क्षेत्र पचामा दादर बॉक्साइट ब्लॉक खनन की स्वीकृति व जनसुनवाई करने की तिथि बड़ाई जाये। शासन प्रशासन से हमारी मांगे हैं की वैधानिक और संवैधानिक अधिकारों के अनुसार हमारे प्राकृतिक संसाधन विस्तार धार्मिक मान्यताओं जल जंगल जमीन का अधिकार ग्राम सभा को देना सुनिश्चित करने के बाद ग्राम सभा की पूर्ण सहमति से प्रस्तावित बॉक्साइट ब्लॉक खनन कार्रवाई प्रक्रिया लोक/ जनसुनवाई किया जावे तथा हमारे संविधान की पांचवी अनुसूची अनुच्छेद 244 ( 1 ) के तहत अनुसूचित क्षेत्र में हो रहे वनों की विनाशकारी कटाई एवं सागवान वृक्ष रोपण खनिज उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया जाए ताकि शुद्ध जल वायु पर्यावरण मृदासंरक्षण तथा जैव विविधता को बचाया जा सके। 18 फरवरी को लुद में होने वाली जनसुनवाई में वन क्षेत्र का कोई भी नागरिक नहीं जाएगा अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो जन आंदोलन उकवा के बाद दूसरा चरण बैहर एवं तीसरा चरण पैदल जाकर बालाघाट में आंदोलन किया जाएगा और अगर उसके बाद भी हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

## हड़ताल : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एकता संघ और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने काम बंद कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज की बुलंद



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

देशव्यापी ट्रेड यूनियन की हड़ताल का असर गुरुवार को बालाघाट में भी देखने को मिला। सीटू (CITU) से जुड़े आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एकता संघ और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने काम बंद कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। इस विरोध प्रदर्शन के कारण शहर के आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे और दवा वितरण का कार्य भी प्रभावित हुआ।

हड़ताल के दौरान सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव बस स्टैंड पर एकत्र हुए और सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली और धरना दिया।

हालांकि, शहर के व्यावसायिक बाजारों में 'भारत बंद' का व्यापक असर नहीं दिखा, लेकिन आवश्यक सेवाओं से जुड़े इन कर्मचारियों की गैर-मौजूदगी ने प्रशासन का ध्यान खींचा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष अंजलि बिसेन ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन केंद्रीय बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हितों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने इस बजट को पूरी तरह निराशाजनक बताया और कहा कि सरकार उनकी मेहनत की अनदेखी कर रही है।

आंदोलन के जरिए संगठनों ने सरकार के समक्ष 17 सूत्रीय मांगें रखी हैं। इनमें प्रमुख रूप से कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियमित करना और दूसरे विभागों के काम के लिए अतिरिक्त भुगतान की मांग शामिल है।

साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे के बजाय दोपहर 3 बजे तक करने का आग्रह किया गया है। कार्यकर्ताओं ने पोषण ट्रेकर ऐप में आने वाली नेटवर्क समस्याओं का मुद्दा भी उठाया और फेस प्रक्रिया को महीने में केवल एक बार करने की मांग की।

हड़ताल के कारण मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स ने भी अपने कार्यों का बहिष्कार किया, जिससे दवा कंपनियों की सप्लाई चैन पर असर पड़ा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो भविष्य में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### कुम्हली, शंकर पिपरिया और मोवाड में भूमिपूजन कार्यक्रम आज, विधायक गौरव पारधी रहेंगे उपस्थित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खैरलांजी जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुम्हली में लगभग 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड और ग्राम पंचायत मोवाड में 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बावड़ीवाल ग्राम पंचायत शंकर पिपरिया में 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम आज कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा संपन्न किया जाना है। गौरतलब है कि विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यो की सौगात दी जा रही है और इसी कड़ी में आज कुम्हली,शंकर पिपरिया और मोवाड में भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया जाना है।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए समग्र स्वास्थ्य कल्याण शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** आयुष विभाग द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12 फरवरी 2026 को वरिष्ठ नागरिकों के लिए समग्र स्वास्थ्य कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा उनके सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाकर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना रहा।

## नपा परिषद बालाघाट कार्यालय में हुआ केन्द्रीय बजट पर चर्चा कार्यक्रम

# सशक्त और समृद्ध भारत का भविष्योन्मुखी बजट : एलकर



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

केन्द्रीय वित्तमंत्र निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये 53.5 लाख करोड़ रूपये के बजट को भविष्योन्मुखी तथा सशक्त और समृद्ध भारत का आधार बताया। नगर पालिका परिषद बालाघाट में 12 फरवरी को बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री, शिक्षाविद् लता एलकर मुख्य वक्ता के तौर पर वक्तव्य दे रही थी। वहीं समाजसेवी शान्ता तिवारी प्रमुख तौर पर उपस्थित रहीं,उन्होंने बजट की खुबियां गिनाई और रक्षा क्षेत्र से लेकर युवा और रोजगार तथा महिलाओं से किसान, मजदूर वर्ग को बजट कैसे लाभान्वित करता है इसे लेकर विस्तृत तौर पर बजट की बारिकीयों से अवगत कराया। बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं और छात्राओं ने इस चर्चा में हिस्सा लिया और उद्बोधन को सुना।

### देशवासियों की सोच से बनता है भारत

नगर पालिका परिषद बालाघाट के सभागार में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लता एलकर द्वारा जनकल्याण, विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और व्यापारियों के सशक्तिकरण के साथ-साथ समग्र विकास का मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि देश की सीमा सुरक्षित रहे इसलिए रक्षा मंत्रालय को 7.85 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है जो पिछले वर्ष से करीब 15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इतनी तो दुनिया के आधे देशों की जीडीपी होती है। देश में ही रक्षा से जुड़े कलपुर्जे बने, स्पेस और टेक्रॉलाजी ग्रोथ करें इसकी भी चिंता की गई है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देश की जनता की सोच से देश बनता है इसलिए ग्रामीण विकास को महत्व दिया गया है गांवों में पक्की सड़कें पहले की सरकारों में नहीं थी भाजपा सरकार ने गांव से शहरों की कनेक्टिविटी को बढ़ाया है।

### महिलाओं को स्वरोजगार तथा छात्रावास नीतिगत निर्णय

सरकार के कदम से देश में इलेक्ट्रॉनिक क्रांति आई है, सेमी कंडक्टर का निर्माण अब भारत में ही हो रहा है। देश का युवा यहीं काम करें रिसर्च हो तथा डेवलपमेंट का मसौदा इस बजट को दर्शाता है। रेअर अर्थ मटेरियल को लेकर उन्होंने कहा कि यह आर्थिक उन्नति और भविष्य की नई सोच है। बिजली उत्पादन को लेकर उन्होंने सौर ऊर्जा परियोजना का जिक्र करते हुए इसे नई क्रांति बताया। किसानों को प्रोत्साहन, महिलाओं को स्वरोजगार तथा जीवन जीने का आधार देने के साथ ही छात्राओं के प्रत्येक जिलों में सुविधाजनक छात्रावास का फैसला सरकार की नीतिगत सोच है। 20 लाख युवा सेंटर खोलने से तकनीक को बढ़ावा मिलेगा।

### राम मंदिर दार्शनिक पर्यटन, कांग्रेस पर किया कटाक्ष

पर्यटन विकास को लेकर उन्होंने बताया कि आर्थिक उन्नति का यह बड़ा जरिया है अयोध्या राम मंदिर को लेकर कांग्रेस की सोच पर उन्होंने कटाक्ष किया और कहा कि कांग्रेस द्वारा राम मंदिर निर्माण का विरोध किया जाता था लेकिन आज अयोध्या दार्शनिक पर्यटन भी बन गया है वहां का बाजार बदला है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है उनका जीवनस्तर सुधरा है। बजट में घोषित स्वास्थ्य सेवा पहल में बायोफार्मा शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कैन्सर की दवाएं सस्ती हुई है, आम लोगों के लिये दवाईयों पर किया जाने वाला खर्चिला बोझ ना पड़े इसलिए जैविक दवाईयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बजट को उन्होंने विकासोन्मुखी बताते है आर्थिक उन्नति का आधार कहकर विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम कहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, शांता तिवारी, मीना चावड़ा, अर्चना गुप्ता,सभापति संगीता खगेश कावरे, संगीता छोटू थापा, जया शुक्ला, पूनम गोरले सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं महाविद्यालयीन छात्राएं उपस्थित रही। मंच संचालन सभापति योगिता विनय बोपचे द्वारा किया गया एवं उपस्थितों का आभार मीना राहंगडाले ने जताया।

## नरवाई जलाना नहीं, आधुनिक यंत्र अपनाएँ, मिट्टी और पर्यावरण दोनों बचेंगे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेष (नरवाई/पराली) को जलाने के बजाय आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से प्रबंधन करने की अपील कृषि विभाग द्वारा किसानों से की जा रही है। विभाग का कहना है कि नरवाई को जलाने से जहां पर्यावरण प्रदूषित होता है, वहीं मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। इसके विपरीत यदि अवशेषों को मिट्टी में मिलाया जाए या भूसा बनाकर उपयोग किया जाए, तो इससे भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है और खेती की लागत में कमी आती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार नरवाई को खेत में ही सड़ाने अथवा स्ट्रा रीपर मशीन से भूसा बनाकर पशु आहार के रूप में उपयोग करने से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है। फसल अवशेषों में मौजूद नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश जैसे पोषक तत्व मिट्टी में मिलकर रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करते हैं। साथ ही अवशेषों की परत मिट्टी की नमी को लंबे समय तक संरक्षित रखती है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि नरवाई प्रबंधन से मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि, पोषक तत्वों की बचत, नमी संरक्षण, वायु प्रदूषण एवं जहरीली गैसों पर रोक, मित्र कीटों और सूक्ष्म जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इससे सिंचाई एवं खाद की लागत भी घटती है। उन्होंने बताया कि हैप्पी सीडर मशीन के माध्यम से कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई के बाद खेत में पड़ी नरवाई को हटाए या जलाए बिना सीधे बुवाई की जा सकती है।

# अभ्युदय वीरा केंद्र एवं यूथ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



9 फरवरी को सायं 7.30 बजे होटल मल्लिकार्जुन बालाघाट में अभ्युदय वीरा केंद्र एवं यूथ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जहां आयोजन संस्था के स्वर्ण जयंती वर्ष तथा बालाघाट में निरंतर 33 वर्षों की सेवा यात्रा को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप मे माइल लिमिटेड के डिप्टी. डीजीएम उमेश सिंह भाटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन वंदन से हुआ तत्पश्चात सभी ने मिलकर महावीर इंटरनेशन की प्रार्थना पढ़ी। कार्यक्रम के अगले चरण में अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया एवं यूथ एवं अभ्युदय वीरा केंद्र बालाघाट के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई एवं बैच लगाए गए।

समारोह में महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय, सेक्रेटरी वीर सोहन वैद्य रीजन वाइस प्रेसिडेंट वीर दिलीप भंडारी अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन9, वीर राकेश सचान रीजन9, वीर अभय सेठिया MIFT ट्रस्टी, वीर राकेश सचान रिजनल सचिव रीजन 9, वीर तरुण सुराना अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर, वीर सुशील जैन अंतरराष्ट्रीय को डायरेक्टर स्किल डेवलपमेंट, वीर विशाल खोंगल राउत जोन चेयरमेन, वीर संजय मालू जोन सचिव महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष, वीर दीपक हीरावत सचिव ,वीर कैलाश शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी, ट्रस्टीगण एवं वरिष्ठ वीर, वीराओ की विशेष रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि महावीर इंटरनेशनल बालाघाट विगत 33 वर्षों से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, पर सतत कार्य कर रहा है।

महावीर इंटर नेशनल बालाघाट के नवनियुक्त अध्यक्ष वीर दीपक हीरावत सचिव ,वीर कैलाश शर्मा और उनकी टीम एवं 25 नए सदस्य ने शपथ ली, यूथ केंद्र ने सेवा के नए कार्यों की रूप रेखा बताई। अभ्युदय वीरा केंद्र में अध्यक्ष वीरा आराधना जैन सचिव, वीरा अलका चौधरी एवं यूथ इकाई के अध्यक्ष वीर नीरज सुराना, सचिव विक्रम त्रिवेदी सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य वीर वीराओ को सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस नवगठित ईकाई से सेवा कार्यों को निश्चित ही नई ऊर्जा, दिशा और गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के सम्मान के पश्चात स्नेह भोज ग्रहण किया आयोजन में समस्त वरिष्ठ वीर, वीराए जिन्होंने महावीर इंटरनेशनल को लगातार गति दी एवं एवं सेवा कार्यों से एक नई पहचान दी डॉ बी एम शरणागत, डॉ नरेंद्र हरिनखेड़े, श्रीमती मंजू सेठिया, श्रीमती किरण वैद्य श्रीमती लता हरिनखेड़े, श्री ज्ञानचंद कांकरिया, ऋषभदास जी वैद्य, श्री एल सी जैन, श्रीमती लक्ष्मी जैन,राजेश पाठक जी, डॉ बी. गौतम, दीपक जैन जी एवं बालाघाट के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## सकारात्मक सोच, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं ऐसे धार्मिक कार्यक्रम :गौरव पारधी

# बोपली में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् श्री राम कथा का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोपली में आयोजित नव दिवसीय संगीतमय श्रीमद् श्री राम कथा का भव्य समापन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लिया। कथा का आयोजन राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत रसिक कृष्णानंद जी महाराज एवं आचार्य श्री सभुधर शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। प्रातः एवं सायंकाल नियमित रूप से कथा प्रवचन आयोजित किए गए, जिससे पूरे ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना रहा।समापन दिवस पर संगीतमय श्री राम कथा का विश्राम, विधिवत हवन एवं महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से हवन में सहभागिता की तथा महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया। ग्रामवासियों और आयोजन समिति के समन्वित प्रयासों से संपूर्ण कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### धर्म और संस्कृति से मजबूत होता है समाजः विधायक गौरव पारधी



कार्यक्रम में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पंडाल में बैठकर भक्तों के साथ कथा श्रवण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में धर्म एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों के लिए उनका सहयोग निरंतर बना रहेगा।

### महाप्रसादी वितरण में विधायक गौरव पारधी ने निभाई सहभागिता

समापन अवसर पर आयोजित महाप्रसादी (भंडारा) में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने सहयोग प्रदान किया। उन्होंने आयोजन समिति के साथ समन्वय करते हुए व्यवस्थाओं में सहभागिता की और श्रद्धालुओं के बीच उपस्थित रहकर प्रसादी वितरण में भी सहभागिता निभाई।कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल झाड़गांव के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल समग्र शिक्षा सेकेण्डरी एजुकेशन के परिपालन में पी.एम. श्री शासकीय हाईस्कूल झाड़गांव (वारासिवनी) के विद्यार्थियों को रमन साइंस एण्ड प्लेनेट सेन्टर का भ्रमण कराया गया। जिसमें SOS साइंस ऑफ सोलर सिस्टम को फिल्म के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थियों को दिखाया गया। इसी प्रकार तारामण्डल फिल्म के माध्यम से दर्शाया गया जिसमें बच्चों ने खगोलीय घटनाओं नक्षत्रों, तारे, गैलेक्सि आदि के बारे में भी रोचक जानकारी प्राप्त की। वहीं 3D फिल्म के माध्यम से सवाना के जंगल को भी दिखाया गया। जिसमें वन्य प्राणियों, जीव-जन्तुओं, पेड-पौधो, उनका प्राकृतिक जीवन भी दर्शाया गया। इसी क्रम में संस्थान में स्थित डायनासोर जैसे प्राचीन जीवों के मॉडल आदि के बारे में भी छात्र/छात्राओं ने ज्ञानवर्द्धक जानकारिया प्राप्त की।इस संस्थान में स्थित वैज्ञानिक पार्क और आउटडोर माडल जैसे सोलर फाउंटेन, म्यूजिकल पाइप्स आदि के माध्यम से रोमांचक जानकारी प्राप्त हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण की यात्रा में शामिल शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र डोंगरे एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं जितेन्द्र चौरागढ़े, राजेन्द्र कटरे, केशोराम भलावे, श्रीमती सुनिता नगपुरे, आरती डोंगरे, नीता राहंगडाले एवं अन्य शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों को प्राप्त हुआ।